p; Need to accord priority in employment opportunities in the mining work to locals.

श्रीमती सकुंतला लागुरी (क्योंझर) ः मेरा संसदीय क्षेत्र क्योंझर (उड़ीसा) एक अत्यन्त पिछड़ा जिला है जहां पर लौह अयस्क एवं खनिज खदानों एवं खानों में सरकारी क्षेत्र तथा निजी क्षेत्रों पर जो खदान कार्य चल रहा है, इन खदान कार्यों में स्थानीय लोगों को कार्य नहीं दिया जाता है जबकि इन लौह अयस्क खदानों में खनन कार्य हेतु भूमि लिये जाने से मेरे संसदीय क्षेत्र के स्थानीय लोग विस्थापित हुए हैं। मेरा संसदीय क्षेत्र एक आदिवासी एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है जहां गरीबी एवं बेरोज़गारी काफी तादाद में है। इस संबंध में खानों में खनन कार्यों में लगे स्थानीय लोगों को इन खानों में रोज़गार दिलाने हेतु नियम बनाया जाना जरूरी है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि आदिवासी एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में खानों में खनन कार्यों में लगे स्थानीय लोगों को रोज़गार दिलाने में प्राथमिकता प्रदान की जाए।